सेवा | by Bulbul Agarwal

मुझे मरे श्याम मोहब्बत दे दो
जियूं जब तक तेरे चरणों की इबादत दे दो
तेरा होकर तेरा ही कहलाऊँ
हर जनम में तेरी सेवा की इजाज़त दे दो

तेरी कृपा ना रूठे कभी , साथ तेरा ना छूटे कभी
रिश्ता ये बाबा ना टूटे कभी
सांस बिन जी भी लूँ , तेरे बिन ना जियूं
भूले से भी ना भुलाना
मुझे तेरे प्यार की दौलत दे दो
जियूं जब तक तेरे चरणों की इबादत दे दो

चाहे कहीं भी करूँ मैं बसर
मुझ पे रहे बाबा तेरी नज़र
रखना प्रभु यूँ ही मेरी ख़बर
कोई भी हो पहर , सांझ या दोपहर
गाऊं मैं तेरा ही तराना
मेरे दिल को ऐसी आदत दे दो
जियूं जब तक तेरे चरणों की इबादत दे दो

जब तक ये मेरा जीवन रहे
नज़रों में तेरा दर्शन रहे
लबपे तेरा ही सुमिरन रहे
जब तलक सांस हो तू मेरे पास हो
और कोई ना आस है
सोनू को बस ये ही राहत दे दो
जियूं जब तक तेरे चरणों की इबादत दे दो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a4%be-by-bulbul-agarwal/